दैनिक

# फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल

वर्ष : ०९ | अंक:२४५ | मुंबई, शनिवार १४ फरवरी २०२६ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.






## मुंबई के गोरेगांव में भीषण हादसा, 45 मंजिला इमारत में लगी आग

इस्माईल खान

**मुंबईः** गोरेगांव पूर्व के गोकुलधाम क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 9:11 बजे स्थानीय नागरिकों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मुंबई अग्निशमन विभाग ने इसे लेवल-1 (एल-1) की आग घोषित किया। आग कृष्णा वाटिका रोड स्थित भूतल सहित 45 मंजिला डीबी वुड इमारत की नौवीं मंजिल पर लगी।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग एक बेडरूम में लगी थी, जो बिजली के तारों, घरेलू उपकरणों, रसोई सामग्री और अन्य सामान तक सीमित रही। इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

**राहत एवं बचाव कार्य जारी**

दमकलकर्मी इमारत में स्थापित अग्निशमन प्रणाली की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। एहतियातन इमारत में मौजूद निवासियों को सुरक्षित स्थानों तथा छत पर पहुंचाया गया।

इस अभियान में एक सहायक मंडल अग्निशमन अधिकारी, दो वरिष्ठ स्टेशन अधिकारी, चार स्टेशन अधिकारी, चार लीडिंग फायरमैन, चार फायरमैन, एक सहायक जल आपूर्ति कर्मी, एक टर्नटेबल सीढ़ी, एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, एक भारी बचाव वाहन, एक ब्रेकडाउन वैन, एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन, एक जल त्वरित प्रतिक्रिया वाहन और 108 एम्बुलेंस शामिल रही। इसके अतिरिक्त स्थानीय पुलिस, बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी, 108 एम्बुलेंस सेवा तथा बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के कर्मियों को भी मौके पर तैनात किया गया।

**नौसेना गोदी में भी आग–** इसी बीच, गुरुवार रात नौसेना गोदी क्षेत्र में भी आग लगने की घटना सामने आई। अधिकारियों के अनुसार, नौसेना डॉकयार्ड परिसर स्थित सर्वे वार्ड भवन में रात करीब 10:15 बजे आग लगी। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



# शिव भोजन थाली का 195 करोड़ बकाया

## महिला बचत समूहों का मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का घेराव







सईद शेख

**नागपुर।** राज्य में शिव भोजन थाली योजना का संचालन कर रही महिला बचत समूहों की महिलाओं का सब्र जवाब दे गया है। लंबित भुगतान को लेकर महिलाओं ने मंगलवार को नागपुर स्थित विभागीय कार्यालय में पहुंचे राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का घेराव कर तीव्र नाराज़गी जताई। महिलाओं का आरोप है कि बीते दस महीनों से शिव भोजन थाली के बिल अटके हुए हैं। राज्यभर में करीब 195 करोड़ रुपये की थकबाकी जमा हो चुकी है। भुगतान न मिलने के कारण कई महिला बचत समूह गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। रसोई का खर्च, कर्ज की किश्तें और परिवार की जिम्मेदारियां निभाना मुश्किल हो गया है, ऐसा महिलाओं ने बताया। घेराव के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे सरकार की योजना के लिए ईमानदारी से काम कर रही हैं, लेकिन बदले में उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल रहा। इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

महिलाओं ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की। इस दौरान मंत्री बावनकुले ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि वे सभी की बात सुन रहे हैं और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने के निर्देश पुलिस को दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिव भोजन थाली योजना के लंबित भुगतान को हर हाल में दिलाया जाएगा। मंत्री ने यह भी माना कि छह से नौ महीनों तक भुगतान न मिलना किसी भी बचत समूह के लिए असहनीय स्थिति है।

'महिलाओं ने सरकार की योजना के लिए काम किया है, इसलिए उन्हें उनका हक मिलना ही चाहिए,' ऐसा कहते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री और अन्न व नागरी पुरवठा मंत्री से इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करने का भरोसा दिलाया। महिलाओं का कहना है कि आश्वासन से आगे बढ़कर अब ठोस निर्णय और समयबद्ध भुगतान जरूरी है, ताकि बचत समूहों को राहत मिल सके और योजना का संचालन सुचारू रूप से जारी रह सके।

## किसानों से राहुल गांधी ने की मुलाकात, भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी?

**नई दिल्ली,।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बैठक में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के खिलाफ संभावित राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस व्यापार समझौते से कृषि आयात के लिए दरवाजे खुल गए हैं और आने वाले समय में अन्य फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। कांग्रेस के अनुसार, किसान नेताओं ने मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।



**किन संगठनों के नेता रहे मौजूद**

बैठक में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के सुखपाल सिंह खैरा, भारतीय किसान मजदूर यूनियन (हरियाणा) के एडवोकेट अशोक बलहारा, भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) के बलदेव एस. जीरा, आम किसान यूनियन के केदार सिरोही और किसान मजदूर मोर्चा (इंडिया) के गुरमनीत एस. मंगत समेत अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। किसान नेताओं और राहुल गांधी ने कथित रूप से इस समझौते के विरोध और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए बड़े राष्ट्रीय आंदोलन की जरूरत पर विचार किया।

एक दिन पहले राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया था कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जरिए किसानों के हितों से समझौता कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करे या विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाए, वे किसानों की आवाज उठाते रहेंगे। राजनीतिक हलकों में इस बैठक को संभावित बड़े आंदोलन की भूमिका के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अभी तक किसी औपचारिक कार्यक्रम या आंदोलन की तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

## उद्धव ठाकरे ने बदली पॉलिटिक्स, परभणी में बनाया पहली बार मुस्लिम मेयर, कांग्रेस के समर्थन से जीते सैयद इकबाल

मुंबईः शिवसेना (यूबीटी) के सैयद इकबाल सैयद ख्वाजा को परभणी का मेयर चुना गया है। 1960 के दशक में पार्टी बनने के बाद यह पहला मौका है जब शिवसेना की तरफ से किसी मुस्लिम नेता को मेयर के पद के लिए नॉमिनेट किया गया और विजयी बनाया गया। 40 साल सैयद ख्वाजा पहली बार कॉर्पोरेटर बने थे। उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से बीजेपी के तिरुमाला खिलारे को सीधे मुकाबले में हराया। 65 सदस्यों वाली परभणी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में सैयद को 39 वोट मिले, जबकि खिलारे 26 वोट ही जुटा पाए। हाउस में मेजॉरिटी के लिए 33 वोट जरूरी थे। इस जीत के साथ परभणी महाराष्ट्र में अकेली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन बन गई है, जहां उद्धव ठाकरे की लीडरशिप वाली शिवसेना सिविक गवर्नमेंट बनाने में सफल रही। इतिहास में परभणी ऐसे शहरों में से एक थी जहां शिवसेना ने चुनाव जीतने के लिए खुले तौर पर धार्मिक बंटवारे का इस्तेमाल किया था। 1980 और 1990 के दशक में पार्टी ने हिंदू वोटर्स को मुस्लिम उम्मीदवारों के खिलाफ लामबंद किया। 1990 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना कैंडिडेट हनुमंत बोबड़े ने कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवार शमीम अहमद खान को हराया था। उस समय का विवादित 'खान विरुद्ध बान' नारा आज भी याद किया जाता है। वहीं आज की परिस्थिति बिल्कुल अलग है। शिवसेना (UBT) ने अपने पार्टी बंटवारे के बाद आधार फिर से तैयार किया और मुस्लिम वोटर्स में अपनी पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया। शहर की लगभग 42% आबादी मुस्लिम है। हाल के नगर निगम चुनाव में पार्टी ने कई मुस्लिम कैंडिडेट्स को टिकट दिया। चुने गए 25 कॉर्पोरेटर में से 13 मुस्लिम हैं, जिनमें सैयद इकबाल भी शामिल हैं।





**कौन हैं सैयद इकबाल**

सैयद इकबाल पहली बार कॉर्पोरेटर बने और लोकल एक्टिविस्ट हैं। वे सैयद अब्दुल खादर के छोटे भाई हैं, जिनका मुस्लिम इलाकों में अच्छा असर है। चुनाव के दौरान शिवसेना (UBT) के सासंद संजय जाधव ने मुस्लिम वोटर्स तक पहुंच बनाने में अहम भूमिका निभाई। सैयद ने जीत के बाद कहा कि मैं मुस्लिम मेयर नहीं हूं। मैं सबका मेयर हूँ। मेरी एकमात्र चिंता डेवलपमेंट है। अब मकसद लोगों को जोड़ना है, बांटना नहीं।

## जबरदस्त तारीक रहमान की बांग्लादेश में वापसी, पीएम बनने का रास्ता साफ

बांग्लादेश में 13वीं संसद (जातीय सांसद) चुनाव के नतीजे आ रहे हैं और BNP के प्रमुख तारिक रहमान ने धमाकेदार वापसी की है. 17 साल बाद देश लौटने के बाद तारिक रहमान ने दोनों सीटों (ढाका-17 और बोगुरा-6) पर जीत हासिल कर ली है. बांग्लादेश में 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं. इसमें लंदन से आए तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के और ज्यादा करीब पहुंच गए हैं.

**तारिक ने दोनों सीटों पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की**

BNP मीडिया सेल के सदस्य शायरुल कबीर खान ने ढाका ट्रिब्यून को बताया कि अनऑफिशियल रिजल्ट्स में तारिक दोनों सीटों पर जीत गए हैं. यह उनकी राजनीतिक ताकत का बड़ा संकेत है, क्योंकि वे प्रधानमंत्री पद के बड़े दावेदार हैं. ढाका-17 सीट (गुलशन, बारिदारा, बनानी और कैंटनमेंट इलाके) में तारिक ने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार एसएम खालिकुज्जमान को बड़े अंतर से हराया. BNP का दावा है कि रात 9 बजे तक के आंकड़ों में तारिक को 60,215 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 24,524 वोट मिल सके. बोगुरा-6 सीट (बोगुरा सदर) में भी तारिक ने जमात के उम्मीदवार मोहम्मद अब्दुर रहमान को दो गुना से ज्यादा वोटों से हराया. प्रोथोम आलो के मुताबिक, 27 केंद्रों के आंकड़ों में तारिक को 37,465 वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी को 17,428 वोट मिल सके. बोगुरा की सभी 7 सीटों पर BNP के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं, जिसमें तारिक की सीट सबसे मजबूत है.



**BNP और जमात के बीच मुख्य लड़ाई**

यह चुनाव 2024 के छात्र आंदोलन के बाद पहला बड़ा चुनाव है, जिसमें अवामी लीग (शेख हसीना की पार्टी) चुनाव से बाहर है और रजिस्ट्रेशन सस्पेंड है. मुख्य मुकाबला BNP और जमात-ए-इस्लामी के गठबंधन के बीच था. शुरुआती रुझानों में BNP कई सीटों पर आगे है. कुछ रिपोर्टों में BNP 50 से ज्यादा सीटों पर लीड कर रही है, जबकि जमात 18 पर. कुल 299 सीटों पर वोटिंग हुई (एक सीट रद्द) और वोटर टर्नआउट करीब 48 प्रतिशत रहा. साथ ही जुलाई नेशनल चार्टर पर रेफरेंडम भी हुआ, जिसके नतीजे नई सरकार को संविधान में बड़े बदलाव का अधिकार दे सकते हैं. तारिक रहमान ने सुबह ढाका के गुलशन मॉडल हाई स्कूल एंड कॉलेज में वोट डाला, जहां उनकी पत्नी डॉ. जुबैदा रहमान और बेटी जैमा रहमान भी साथ थीं. वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोग लंबे समय से इस दिन का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने अपने अधिकार वापस ले लिए हैं. उन्होंने कुछ जगहों पर अनचाही घटनाओं की रिपोर्ट्स का जिक्र किया, लेकिन कहा कि अगर BNP सत्ता में आई तो कानून-व्यवस्था मजबूत करेंगे.


SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894

MEMON REALTORS

Builder & Devloper PVT. LTD.

Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

दैनिक
फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल
मुंबई, शनिवार १४ फरवरी २०२६



## संपादकीय


एम.एस.शेख
संपादक

### बांग्लादेश में बीएनपी की वापसी

बांग्लादेश की राजनीति में लंबे अंतराल के बाद एक बड़ा बदलाव आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की स्पष्ट जीत और उसके नेता तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने न केवल ढाका की सत्ता संरचना को बदला है, बल्कि नई दिल्ली की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को भी सक्रिय कर दिया है। चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट किया है कि मतदाताओं ने स्थिरता, अनुभव और राजनीतिक विरासत को प्राथमिकता दी। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस परिवर्तन का भारत-बांग्लादेश संबंधों और विशेष रूप से बांग्लादेश के हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भू-राजनीतिक रूप से गहरे जुड़े रहे हैं। १९७१ के मुक्ति संग्राम से लेकर हाल के वर्षों तक दोनों देशों ने सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ संबंध अपेक्षाकृत प्रगाढ़ रहे। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग और पूर्वोत्तर भारत के लिए ट्रांजिट सुविधाओं ने द्विपक्षीय भरोसे को मजबूत किया। ऐसे में सत्ता परिवर्तन को स्वाभाविक रूप से एक नए संतुलन की तलाश के रूप में देखा जा रहा है।

तारिक रहमान की वापसी और उनकी पार्टी की बहुमत के साथ जीत ने यह संकेत दिया है कि बांग्लादेशी मतदाता एक मजबूत राजनीतिक केंद्र चाहते हैं। हालांकि बीएनपी का अतीत भारत के साथ संबंधों को लेकर मिश्रित रहा है, लेकिन वर्तमान वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियाँ किसी भी नई सरकार को व्यावहारिक कूटनीति अपनाने के लिए बाध्य करती हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्यात, विशेषकर रेडीमेड गारमेंट सेक्टर, और क्षेत्रीय स्थिरता पर निर्भर है। भारत उसके लिए एक बड़ा बाजार और रणनीतिक साझेदार है। इसलिए टकराव की राजनीति के बजाय सहयोग की राह चुनना नई सरकार के हित में होगा। जहाँ तक हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रश्न है, यह विषय केवल आंतरिक राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि द्विपक्षीय संवेदनशीलता का भी हिस्सा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग रहा है। समय-समय पर सांप्रदायिक तनाव और छिटपुट घटनाएँ सामने आती रही हैं, जिन पर भारत में चिंता व्यक्त होती रही है। नई सरकार के लिए यह एक कसौटी होगी कि वह कानून-व्यवस्था को निष्पक्ष और कठोर बनाए रखे तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव पर त्वरित कार्रवाई करे। बीएनपी की जीत को कट्टरपंथी राजनीति की अस्वीकृति के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि जमात-ए-इस्लामी को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। यह संकेत देता है कि मतदाता अतिवादी एजेंडे से दूरी चाहते हैं। यदि नई सरकार इस जनादेश को समझते हुए समावेशी शासन का मॉडल अपनाती है, तो हिंदू समुदाय के लिए सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बन सकता है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक स्पष्टता से सुनिश्चित होती है। तारिक रहमान के सामने अवसर है कि वे अपनी सरकार को आधुनिक, आर्थिक सुधारों पर केंद्रित और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देने वाली सरकार के रूप में स्थापित करें।

Graphics Designing
Online Stamp Duty
Offset Printing
Online Registration
Visiting Cards
Online Biometric
Wedding Cards
Online Police NOC
Digital Board
Online Passport
Flex & Vinyl Printing
Acrylic Vinyl Board
& Many More Services
Shaikh Arts & Advt.
Riyaz Computerwala
961 98 36 535
720 81 31 118
D.T.P
Computerized Typing: Urdu, Arabic, Hindi & Marathi.
Computerized Typing हिन्दी मराठी اردو، عربی
E/29, Grace Plaza, Opp. ALLAH Masjid, S. V. Road, Jogeshwari (West)
Email: shaikharts2015@gmail.com

# छापे के बाद MBMC ने की तीन डांस बारों पर तोड़क कार्रवाई








नजमुल हसन रिज़वी

मीरा रोडः मीरा रोड के सिल्वर पार्क क्षेत्र स्थित होटल व्हाइट हाउस (खुशी रेस्टोरेंट) में पुलिस छापे के बाद अब मीरा भायंदर महानगरपालिका (MBMC) ने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड क्रमांक 6 में तीन डांस बारों पर तोड़क कार्रवाई की है। करावली, व्हाइट हाउस (खुशी) और स्टार नाइट नामक प्रतिष्ठानों में अवैध निर्माण और नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जोन-1 के पुलिस उपायुक्त राहुल चौहान की टीम ने व्हाइट हाउस बार पर देर रात छापा मारकर 19 महिलाओं को रेस्क्यू किया था तथा मैनेजर और कैशियर सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान आईने के पीछे छिपा गुप्त रास्ता भी मिला था, जिसका इस्तेमाल कथित रूप से पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए किया जाता था।

पुलिस कार्रवाई के बाद महानगरपालिका ने संबंधित प्रतिष्ठानों में अवैध संरचनात्मक बदलावों की जांच की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि बार संचालन के लिए इमारत में अनधिकृत तोड़फोड़ और निर्माण किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को अतिक्रमण विभाग ने मौके पर पहुंचकर अवैध हिस्सों को तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान प्रभाग-6 की अधिकारी प्रियंका भोसले तथा मीरा रोड पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मेघना बुरांडे मौजूद रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच अवैध ढांचे हटाए गए। महानगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण, नियमों के उल्लंघन और अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर में ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी संयुक्त रूप से सख्त अभियान जारी रहेगा।

## बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी पर शिवसेना का 'महा आरोग्य' एवं जनसेवा अभियान शुरू

मीरा-भायंदरः बालासाहेब ठाकरे की जन्मशताब्दी के अवसर पर शिवसेना ने मीरा-भायंदर में माहभर चलने वाला 'महा आरोग्य एवं निःशुल्क दस्तावेज वितरण शिविर' अभियान प्रारंभ किया है। यह पहल उनके मार्गदर्शक सिद्धांत '८० प्रतिशत समाजकारण और २० प्रतिशत राजनीति' को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।




२३ जनवरी से २३ फरवरी २०२६ तक चलने वाले इस अभियान का आयोजन शिवसेना की मीरा-भायंदर शहर इकाइयों द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। अभियान का उद्देश्य राजनीतिक सीमाओं से परे जाकर नागरिकों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं और शासकीय सुविधाएं सीधे पहुंचाना है।

**२४ वार्डों में स्वास्थ्य सेवाएं**

शहर के सभी २४ वार्डों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हृदय रोग, कैंसर, एंजियोप्लास्टी, बायपास सर्जरी और गठिया जैसे गंभीर रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया जा रहा है। थायरॉइड एवं अस्थमा जैसी बीमारियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**एक ही स्थान पर शासकीय सेवाएं**

सरकारी दस्तावेज प्राप्त करने में होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा ई-श्रम कार्ड सहित विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के लिए निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

स्थानीय शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्यक्रम बालासाहेब ठाकरे की जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास है, ताकि मीरा-भायंदर का प्रत्येक नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और अपने अधिकारों से संबंधित दस्तावेजों तक सहज पहुंच प्राप्त कर सके।

शिवसेना ने मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र के नागरिकों से इस पहल का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। अभियान को शहरभर से उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है।




## एमबीएमसी ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण २०२५-२६' के तहत साप्ताहिक 'मास डीप क्लीन ड्राइव' शुरू की

नजमुल हसन रिज़वी

**मीरा-भायंदरः** महापौर डिंपल विनोद मेहता एवं नगर आयुक्त राधा बिनोद शर्मा के निर्देशानुसार मीरा-भायंदर महानगरपालिका ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण २०२५-२६' के अंतर्गत शहरव्यापी 'मास डीप क्लीन ड्राइव' अभियान प्रारंभ किया है। इस साप्ताहिक विशेष पहल का उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, प्रभावी और टिकाऊ बनाते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

अभियान का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को नियोजित ढंग से शहर के दो चयनित जोनों में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में वार्ड समिति क्रमांक ४ एवं ६ के अंतर्गत कुल १५ स्थलों पर सघन सफाई कार्य संपन्न किया गया। अभियान के दौरान उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटिल, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (घनकचरा प्रबंधन) डॉ. सचिन बांगर, उपायुक्त कविता बोरकर एवं प्रणाली घोंघे, शहर अभियंता दीपक खांबित, कार्यकारी अभियंता नितिन मुकने, जनसंपर्क अधिकारी राज घरत तथा नगरसेवक लक्ष्मण जंगम, विजया वैती, मोहन म्हात्रे, सुरेखा सोनार और मनस्वी पाटिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, नालों, बाजार क्षेत्रों, कचरा संकलन केंद्रों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा स्वच्छता की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई की जा रही है। जेटिंग मशीन, सक्शन मशीन एवं रोड स्वीपिंग मशीन जैसी आधुनिक यांत्रिक उपकरणों का उपयोग कर कार्य को अधिक प्रभावी बनाया गया है।प्रवर्तन कार्रवाई के तहत सार्वजनिक स्थलों पर थूक से बने दागों की पहचान कर 'रेड स्पॉट' अभियान के माध्यम से उनकी सफाई की जा रही है तथा संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। खुले में पेशाब अथवा गंदगी पाए जाने वाले स्थानों पर 'येलो स्पॉट' कार्रवाई के अंतर्गत निवारक उपाय किए जा रहे हैं। साथ ही अवैध पोस्टर, बैनर एवं स्टिकर हटाकर शहर सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महानगरपालिका द्वारा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर उल्लंघनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। कूड़ा फैलाने, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने एवं अन्य अस्वच्छ गतिविधियों के विरुद्ध भी विशेष टीमों द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि नागरिक अनुशासन को बढ़ावा मिले।'मास डीप क्लीन ड्राइव' को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। महानगरपालिका ने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए शहर को राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी स्थान दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया है।

SODA CENTRAL
House of Mocktails
SIPPIN' MADE SWEETER
Follow Us On Instagram & Facebook
D-11,Green Park, Opp. Millat Garden Gate, Off New Link Road, Andheri West. 97300 74150

MIB®
MEN IN BLACK
GLOBAL PROTECTION SERVICES
Contact: +91 93247 65876

## 'शादी टूटने का इंतजार....'



प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। दोनों ने 2018 में शादी की थी। उनकी शादी ने शुरुआत से ही लोगों का ध्यान खींचा, क्योंकि यह इंटरकल्चरल मैरिज थी और दोनों के बीच उम्र का अंतर भी है। शादी से पहले कुछ महीनों की डेटिंग और फिर अचानक विवाह के फैसले पर भी सवाल उठे। शादी के बाद भी उनके रिश्ते को लेकर कई तरह की अफवाहें उड़ती रहीं, कभी अलगाव की खबरें तो कभी रिश्ते को दिखावा बताया गया। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में प्रियंका ने इन बातों पर खुलकर प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि वे आठ साल से साथ हैं और अगर लोग उनके रिश्ते के टूटने का इंतजार करते हैं तो यह उनकी सोच है। उन्होंने ट्रोलिंग को नजरअंदाज करना सीख लिया है। प्रियंका ने बताया कि छह महीने की डेटिंग के बाद शादी करना भले जल्दबाजी लगा हो, लेकिन निक की सच्चाई और ईमानदारी उन्हें रोज प्रेरित करती है। उन्होंने निक और उनके माता-पिता की भी जमकर तारीफ की।

## टी20 विश्वकप : जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराकर किया उलटफेर

जिम्बाब्वे ने टी20 विश्व कप 2026 मुकाबले में दो बार की विजेता रही ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर इस विश्वकप का पहला उलटफेर किया है। इस मैच में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया था



जिसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 146 रनों पर ही सिमट गयी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जिम्बाब्वे के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाये। ब्लेसिंग मुज़रबानी ने 4 विकेट जबकि ब्रैड इवांस ने 3 विकेट लिए। लक्षय का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने 29 रन पर चार विकेट खो दिये। इसके बाद मैट रेनशॉ 65 और ग्लेन मैक्सवेल 31 ने पांचवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी कर टीम को वापसी कराने का प्रयास किया पर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने उन्हें खुलकर खेलने नहीं दिया।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉज जीतकर जिम्बाब्वे को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। उसका ये फैसला ठीक नहीं रहा। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी की बदौलत जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन बनाये। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर अपनी टीम के रन रेट को बनाये रखा। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर में ही एक के नुकसान पर 125 रन बना लिए थे पर इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बचे हुए पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। जिम्बाब्वे की ओर से विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी ने 35 और रयान बर्ल ने 35 रन जबकि ऑस्ट्रेलियास की ओर से मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया इस विश्व कप में अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही है, जिसका उन्हें आज नुकसान भी उठाना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान मिचेल मार्श इस मैच में चोट की वजह से नहीं खेल पाये। ऐसे में ट्रेविस हेड टीम की कप्तानी करते हुए दबाव में आ गये और बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद बीएमसी हरकत में

## ठेले हटे, रास्ता खुला... पर कब तक? लेकिन स्थायी समाधान अब भी गायब



मुंबई के सबसे व्यस्त और गजबजाए पायधुनी परिसर और मुंबई के आस पास के इलाके में अवैध फेरीवालों के खिलाफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने अचानक सख्ती दिखाते हुए मुंबई पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई शुरू कर दी है। फुटपाथों और सड़कों पर अतिक्रमण के नाम पर ठेले हटाए जा रहे हैं और पूरे इलाके को खाली कराया जा रहा है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय की सख्त टिप्पणी के बाद शुरू हुई है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि कार्रवाई की मार अवैध से ज़्यादा रोज़ी-रोटी चलाने वाले फेरीवालों पर पड़ती नज़र आ रही है। कार्रवाई के दौरान पात्र और लाइसेंसधारी फेरीवालों को भी नहीं बैठने दिया जा रहा है। कई फेरीवाले मनपा के सर्वे में शामिल रहे, उन्हें लाइसेंस और ऋण का भरोसा भी दिया गया था, लेकिन नगर निगम चुनाव के बाद उनकी फाइलें ठंडे बस्ते में चली गईं। फेरीवालों का सवाल है कि जब फुटपाथ पर ठेला दिखते ही कार्रवाई होती है, तो उसी फुटपाथ और सड़क किनारे लाइन से खड़ी फोर व्हीलर गाड़ियों पर सख्ती क्यों नहीं होती, जबकि वही गाड़ियां पैदल चलने वालों का रास्ता पूरी तरह रोक देती हैं। फेरीवालों का कहना है कि वर्षों से यही उनका रोज़गार है और उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रमज़ान जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान व्यापार बंद होने से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि मनपा की यह कार्रवाई पहले भी कई बार देखी जा चुकी है, जहां कुछ दिनों की सख्ती के बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं और वही ठेले दोबारा उसी जगह नज़र आने लगते हैं। जानकारों का साफ़ कहना है कि अगर मनपा प्रशासन इस कार्रवाई को स्थायी समाधान में बदलना चाहता है, तो केवल ठेले हटाना काफ़ी नहीं होगा। आज हटे ठेले कल फिर लौट आएंगे और साथ ही हफ्ता वसूली का खेल भी दोबारा शुरू हो जाएगा। जब तक रोज़ाना निगरानी, दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर भारी जुर्माना और ईमानदार अमल नहीं होता, तब तक पायधुनी में चल रही यह कार्रवाई केवल काग़ज़ी सख्ती बनकर रह जाएगी।





आज, गुरुवार, 12/2/2026 को शाम 5 से 6 बजे के बीच, अहमदाबाद शहर के दानिलिम्दा पुलिस स्टेशन में, आगामी महाशिवरात्रि और रमज़ान के महीने के मद्देनजर शांति समिति के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस शांति समिति की बैठक में, पी.एस.आई. आर. एम. वाला साहब, श्रीमती... श्वेतबेन कपाड़िया, शांति समिति के सदस्य और हिंदू-मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ता उपस्थित थे। हमारे विश्वसनीय व्यक्ति का नामः- उर्वेश सुरेशभाई चौहान (सरगारा) (उर्फ बंटी चौहान), सामाजिक कार्यकर्ता - दानिलिमदा पुलिस स्टेशन, शांति समिति सदस्य - नेस्ट इंडिया फाइट अगेंस्ट क्राइम करप्शन, बहरामपुरा वार्ड अध्यक्ष - जय भीम युवा शक्ति मित्र मंडल सदस्य, संतोषनगर बहरामपुरा - हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक एकता समिति, संतोषनगर राम रहीम नगर, टेकरो बहरामपुरा, अहमदाबाद, 380022

## जंतर मंतर पर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के धरने में सांसद अमर काले पहुंचे

विशाल गवई


लोणी। बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार की मुक्ति की मांग को लेकर दिल्ली में चल रहे धरना आंदोलन को एनसीपी (शरदचंद्र पवार) का समर्थन मिला है।



वर्धा लोकसभा क्षेत्र से सांसद अमर काले ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन में सहभागिता की और बौद्ध समुदाय की मांगों के प्रति एकजुटता जताई। इस अवसर पर सांसद अमर काले ने कहा कि महाबोधि महाविहार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्वभर के बौद्ध अनुयायियों की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने महाविहार को बौद्ध समाज के पूर्ण नियंत्रण में देने की मांग को न्यायसंगत बताते हुए इस मुद्दे को संसद में उठाने का आश्वासन दिया। धरना आंदोलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए बौद्ध भिक्षु, अनुयायी और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक महाबोधि महाविहार मुक्ति को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## बडनेरा में 22 फरवरी को चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज जयंती समारोह, नवनीत राणा और रवि राणा रहेंगे उपस्थित

अमरावती। चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज जयंती समारोह-2026 का आयोजन भारतीय क्षेत्रीय पंवार समाज संगठन, अमरावती जिला समिति की ओर से रविवार, 22 फरवरी 2026 को दुर्गा पार्क-2, वडद, कोंडेश्वर रोड, नवीन बायपास के समीप उत्साहपूर्ण वातावरण में किया जा रहा है। इस अवसर पर संगठन की वार्षिक सामान्य सभा भी संपन्न होगी। समारोह का उद्देश्य सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं भाजपा की नेत्री नवनीत रवि राणा तथा बडनेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवि राणा प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके हाथों समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अकोला महानगरपालिका के नवनिर्वाचित नगरसेवक शरद श्रीरामजी तुरकर, यवतमाल नगरपरिषद के नवनिर्वाचित नगरसेवक आंशुतोषराव बोपचे, वर्धा जिले के तलेगांव से भाजपा नगर महामंत्री निलेश उत्तमराव पटले, यवतमाल के वरिष्ठ समाजसेवी प्रतापराव पारसंकर, अमरावती जिले के मंगरूळ चव्हाळा निवासी समाजसेवी रामलालजी बिसेन, अमरावती के वरिष्ठ समाजसेवी भीमरावजी हरणखंडे, महिला समिति की प्रतिनिधि अनुपमा सुनील राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। समारोह की प्रमुख वक्ता के रूप में चांदूर रेल्वे क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता विजयाताई रहांगडाले मार्गदर्शन करेंगी। इस जयंती समारोह में वरिष्ठ माता-पिता अमृत महोत्सव सम्मान, समाज के आदर्श दंपतियों का विशेष सम्मान, साथ ही शिक्षा, खेल और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व प्रतिभावान व्यक्तियों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि ऐसे सम्मानों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक कला, गीत, नृत्य और सामाजिक संदेशों से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज के विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समाज में एकता, समानता और सामाजिक जागरूकता पैदा करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक बिसेन, उपाध्यक्ष वासुदेव ठाकरे एवं अनिल पारसकर, कोषाध्यक्ष रामराव पटले, सचिव नितीन बिसने, सहसचिव मंगेश चौहान, सहकोषाध्यक्ष मोहित बोपचे तथा जिला संयोजक मनोहर कटरे ने की है।



## अवैध जुए से बदनाम हो रहा निंभोरा (लाहे) गांव; सामाजिक कार्यकर्ता ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

रिपोर्टर- विशाल गवई

**निभोरा।** बडनेरा थाना क्षेत्र के निभोरा लाहे गांव में लंबे समय से अवैध जुए की गतिविधियां चलने का आरोप सामने आया है।



इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता धीरज इंगोले ने बडनेरा पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि गांव में वर्षों से ताश, पत्तों और अन्य प्रकार के जुए का खेल खुलेआम चल रहा है, जिससे गांव का सामाजिक माहौल लगातार बिगड़ रहा है। इन गतिविधियों के कारण गांव की महिलाओं और युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, वहीं बाहर से आने वाले लोगों के बीच गांव की छवि भी खराब हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जुए के चलते असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे शांति और कानून-व्यवस्था को खतरा पैदा हो रहा है। कई बार मौखिक शिकायतों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। धीरज इंगोले ने अपनी शिकायत में मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और सामाजिक संतुलन बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि निभोरा लाहे गांव में कानून की दस्तक पड़ती है या जुए का खेल यूं ही चलता रहेगा।

## दादर का तिलक ब्रिज भारी गाड़ियों के लिए 3 महीने तक बंद रहेगा, इस रूट्स से जाएंगे तो जाम से बचेंगे

**मुंबई :** सेंट्रल मुंबई में दादर का तिलक ब्रिज तीन महीने के लिए भारी गाड़ियों के लिए कुछ समय के लिए बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि इस कदम का मकसद ट्रैफिक जाम कम करना और इलाके में गाड़ियों की आसान आवाजाही पक्का करना है।



पुलिस यह फैसला एलफिंस्टन फ्लाईओवर और सायन ROB ब्रिज पर चल रहे रिकंस्ट्रक्शन के काम के बीच आया है, जिससे धारावी और तिलक ब्रिज जैसे दूसरे रास्तों पर ट्रैफिक बढ़ गया है।

**ये वाहन नहीं जा सकेंगे -** मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि दादर का तिलक ब्रिज 12 फरवरी से 12 मई, 2026 तक हर दिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक लागू रहेगा। यह टैंकर, मिक्सर, डंपर, ट्रेलर और इसी तरह की दूसरी गाड़ियों पर लागू होता है। यानी भारी गाड़ी अब तिलक ब्रिज से नहीं जा सकेंगी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि तिलक फ्लाईओवर इलाके की तरफ जाने या वहां से गुजरने वाली भारी गाड़ियों के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**बंद करने का कारण**

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि इस इलाके में रोज़ाना ट्रैफिक जाम लग रहा है और इमरजेंसी गाड़ियों को दिक्कत हो रही है। इसे बंद करने का मकसद ट्रैफिक फ्लो को बेहतर बनाना और सेफ्टी पक्का करना है, जबकि आस-पास के इलाकों में बड़े रिकंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है।

## मुंबई-नासिक हाइवे पर पलटा कंटेनर, लगा 3 किमी लंबा जाम, मरीजों को लेकर जा रही कई एंबुलेंस भी फंसी

**मुंबईः** भिवंडी तालुका के कुकसे गांव के पास मुंबई-नासिक हाइवे पर नासिक की ओर जा रहा एक बड़ा कंटेनर पलट गया। कंटेनर कुकसे गांव के पास भोइरपाडा स्थित वेयरहाउस कॉम्पलेक्स से



सामान ले जा रहा था। गलत दिशा में जाने से ड्राइवर का वाहन से नियंत्रण छूटा और वह पलट गया। इसके चलते कुकसे-येवई रोड पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। करीब 3 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। हादसे में कंटेनर ड्राइवर मामूली जख्मी हुआ है। पडघा पुलिस और हाइवे ट्रैफिक पुलिस देर तक ट्रैफिक दुरुस्त करने के लिए जूझती रही। भौगोलिक संदर्भ

**एंबुलेंस भी फंसी, मरीज हुए परेशान**

टैंकर पलटने से हाइवे पर हुए ट्रैफिक जाम का असर आम यात्रियों के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं पर भी पड़ा। इस दौरान कुछ एंबुलेंस भी जाम में फंस गई, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी मानसिक तनाव झेलना पड़ा। वाहन चालकों और पीड़ितों का कहना है कि पिछले कई महीनों से निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिसके चलते आए दिन यहां जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।

आधे-अधूरे निर्माण कार्य ने बढ़ाई वाहन चालकों की मुसीबत

मुंबई-नासिक हाइवे पर फ्लाइओवर एवं पुलों के आधे-अधूरे निर्माण कार्य ने स्थिति विकट कर दी। इस रूट पर पहले भी ऐसे हादसे हुए हैं, जब लोगों को घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ता है। इसकी एक वजह यह है कि राजनोली से पिंपलास तक सर्विस लेन सहित सड़क पांच लेन की है, जो आगे चलकर अचानक दो लेन में सिमट जाती है। ऐसे में, वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और ट्रैफिक का दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा इस हिस्से में चढ़ाई होने की वजह से वाहन धीमी गति में चलते हैं। कुछ ट्रक और अन्य बड़े वाहन तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में बंद हो जाते हैं। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। पीक आवर में अक्सर यात्रियों का काफी वक्त ट्रैफिक जाम में ही चला जाता है।

## रिश्वत लेते पकड़े गए दो लिपिक, कार्यालय सील

**मुंबई :** महाराष्ट्र एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बीती रात फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) मंत्री नरहरि झिरवाल के मंत्रालय स्थित ऑफिस में छापा मारकर दो क्लर्कों को 35,000 रुपये रिश्वत



लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इसके बाद एसीबी ने मंत्री का आफिस सील कर दिया है। इस घटना की छानबीन कर रहे अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लातूर में एक दवा दुकानदार का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया था। कैंसिल लाइसेंस को रिन्यू करने का अधिकार संबंधित डिपार्टमेंट के मंत्रियों के पास होता है। इस बारे में सुनवाई के बाद फैसला लिया जाता है। इसी सुनवाई के लिए मंत्री नरहरि झिरवाल के कार्यालय के लिपिक राजेंद्र धेरंग से शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये मांगे थे। इसकी जानकारी शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने लिपिक को रात में मंत्रालय में तय रकम में से 35,000 रुपये देने के लिए बुलाया था। साथ ही इसकी जानकारी शिकायतकर्ता ने एसीबी को भी दी थी। एसीबी की टीम ने बीती रात मंत्रालय में घात लगाकर रिश्वत लेते दोनों लिपिकों को गिरफ्तार कर लिया है। मंत्री नरहरि झिरवाल ने बताया कि उनके आफिस के दो लोगों को एसीबी ने गिरफ्तार किया है, लेकिन आफिस सील करने की जानकारी मुझे नहीं है। झिरवाल ने कहा कि इस मामले की गहन छानबीन एसीबी को करना चाहिए, इससे उनके विभाग की बदनामी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच में अगर उनका नाम आया तो वे मंत्री पद का इस्तीफा दे देंगे।

# पुणे के आईटी इंजीनियर की संदिग्ध आत्महत्या

## आखिरी मैसेज और वीडियो बने जांच का आधार

मुन्ना मुजावर

**लोनावलाः** पुणे के 33 वर्षीय आईटी इंजीनियर वीरेंद्र वाल्मीकि सिन्हा ने लोनावला के लायंस पॉइंट स्थित खाई में कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले पत्नी को भेजा गया उनका आखिरी संदेश और कंपनी को भेजा गया वीडियो अब जांच का अहम हिस्सा बन गया है। पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।






**आखिरी संदेश से शुरू हुई तलाश**

वीरेंद्र वाल्मीकि सिन्हा (33, निवासी कासरसाई), मूल रूप से नागपुर के रहने वाले थे और पुणे की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे। गुरुवार सुबह उन्होंने एक परिचित के मोबाइल फोन से पत्नी को संदेश भेजा, जिसमें लिखा थाः

'मेरी कार टाइगर पॉइंट पर खड़ी है। चाबी टायर के नीचे रखी है और मोबाइल कार में है।'

संदेश मिलते ही पत्नी रिया अपनी सहेलियों के साथ लोनावला पहुंचीं। वहां वीरेंद्र की नीली कार मिली। कार के टायर के नीचे चाबी और अंदर मोबाइल फोन था, लेकिन वीरेंद्र लापता थे।

**वीडियो में मानसिक प्रताड़ना का आरोप**

कार से मिले मोबाइल की जांच में पता चला कि वीरेंद्र ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड कर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल किया था। वीडियो में उन्होंने कुछ लोगों के नाम लेते हुए मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि वीडियो में उन्होंने कहा, 'कुछ लोग मुझे जीने नहीं दे रहे हैं।'

**पांच घंटे बाद खाई से मिला शव**

लोनावला ग्रामीण पुलिस ने शिवदुर्ग मित्र मंडल बचाव दल की मदद से करीब 250 फुट गहरी खाई में खोज अभियान चलाया। लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद वीरेंद्र का शव बरामद किया गया। पत्नी रिया की शिकायत पर पुलिस ने मिलिंद दानी, सिद्धांत सपकाल, अभिषेक बिरोले और पांच महिलाओं समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## पुणे के मुलशी में बेकाबू थार का कहर, मामूली टक्कर के बाद 3 सेकंड में 5 लोग चपेट में

मुन्ना मुजावर

मुलशीः पुणे के नवाले पुल पर दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। अब मुलशी के लावाले फाटा में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर पांच वाहनों के कुचल जाने की घटना सामने आई है। इस हादसे में 4 से 5 लोग घायल हो गए हैं।



घटना का वीडियो वायरल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 11 फरवरी को पुणे के मुलशी स्थित लावले फाटा में हुई थी। दोपहर के करीब, एक अनियंत्रित आइशर टेम्पो ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी। ट्रक ने पहले एक महिंद्रा थार को हल्का सा छुआ और फिर उसके आगे वाले वाहन को टक्कर मार दी। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार से आ रहा आइशर ट्रक आगे चल रहे वाहनों से टकरा गया। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक ने आगे चल रहे दोपहिया वाहन सवारों को कुचल दिया। तेज रफ्तार से आ रहा आइशर ट्रक दोपहिया वाहन सवारों को कुचलकर भाग गया।

इस दुर्घटना में एक बाइक सवार पहिए की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, चार से पांच अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घायल बाइक सवारों को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आइशर ट्रक के चालक को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना आइशर ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुई। अब घटना का चौंकाने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

## बुधवार पेठ में शर्मनाक मामलाः सहायता मांगने आई महिला के साथ थाने में ही चौंकाने वाली घटना, महिला पुलिस पर सवाल

मुन्ना मुजावर

पुणेः पुणे के फरासखाना पुलिस स्टेशन में हुई एक चौंकाने वाली घटना ने पुलिस बल के कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक महिला पुलिस अधिकारी पर आरोप है कि उसने मदद के लिए पुलिस स्टेशन आई एक बांग्लादेशी लड़की को जबरन वेश्यालय के मालिक के हवाले कर दिया, जिसके बाद लड़की को वेश्यावृत्ति में धकेल दिया गया। इस मामले में संबंधित महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है।



इस मामले के बारे में और जानकारी यह है कि लगभग एक महीने पहले, एक युवती रात में फरासखाना पुलिस स्टेशन आई। उसने ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल को बताया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और बुधवार पेठ इलाके में उसे जबरन वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है। उसने अपनी रिहाई के लिए मदद भी मांगी।

जब ये सब हो रहा था, तब संबंधित महिला पुलिस कांस्टेबल ने महिला पुलिस अधिकारी की मदद करने के बजाय, लड़की को बुधवार पेठ स्थित शुक्रवार पेठ पुलिस चौकी ले गई। वहां, उस वेश्यालय के मालिक को बुलाया गया जहां लड़की काम करती थी। आरोप है कि महिला पुलिस अधिकारी और वेश्यालय के मालिक के बीच कुछ संदिग्ध बातचीत हुई।

इस चर्चा के बाद यह बात सामने आई कि मदद की उम्मीद में पुलिस के पास आई युवती को फिर से वेश्यालय के मालिक के हवाले कर दिया गया था। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल मच गई। मामले की जांच करने पर पता चला कि कर्तव्य पालन में गंभीर लापरवाही और गैरजिम्मेदारी बरती गई थी। इसके बाद फरासखाना पुलिस स्टेशन की जांच टीम में तैनात महिला कांस्टेबल मनीषा पुकाले को निलंबित कर दिया गया।

**तलाशी अभियान में 4 नाबालिग लड़कियों को बचाया गया**

पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी मिलते ही पुणे पुलिस ने 10 फरवरी को बुधवार पेठ इलाके में तलाशी अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने बुधवार पेठ से 4 नाबालिग लड़कियों को बचाया और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**महिला आयोग द्वारा की गई कार्रवाई का क्रम**

राज्य महिला आयोग ने अब इन सभी मामलों का संज्ञान लिया है और महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकंकर ने स्वयं पुलिस आयुक्त को इन सभी चौंकाने वाली घटनाओं को अंजाम देने वाली महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है। चाकंकर ने इस मामले की विस्तृत जांच करने और राज्य महिला आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

## 32 वर्षीय एक व्यक्ति पुणे हवाई अड्डे पर उतरा; अपने साथ एक बैग और 5 खिलौनों का एक डिब्बा लिए हुए, उसने जैसे ही उसे खोला, हवाई अड्डे पर हलचल मच गई।

**मुन्ना मुजावर**

**पुणेः** सीमा शुल्क विभाग की सतर्कता के चलते पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़े और चौंकाने वाले ड्रग तस्करी ऑपरेशन को नाकाम कर दिया गया है। बैंकॉक से आए 32 वर्षीय व्यक्ति के बैग से 542 करोड़ रुपये मूल्य की 'हाइड्रोपोनिक वीड' (उच्च गुणवत्ता वाली मारिजुआना) जब्त की गई। खिलौनों के डिब्बे में छिपाई गई इतनी बड़ी मात्रा को देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए।




बैंकॉक से एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट बुधवार शाम करीब 5 बजे पुणे एयरपोर्ट पर उतरी। एयर इंटेलिजेंस यूनिट को पहले ही सूचना मिल चुकी थी कि विमान से ड्रग्स की तस्करी की जाएगी। इसी बीच, संदिग्ध गतिविधियों के कारण एक 32 वर्षीय यात्री को अधिकारियों ने रोक लिया और पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। यात्री के बैग की तलाशी लेने पर उसमें बच्चों के खिलौनों के 5 डिब्बे मिले। आरोपी ने इन डिब्बों का इस्तेमाल चालाकी से ड्रग्स की तस्करी के लिए किया था। खास बात यह है कि उसने स्कैनिंग मशीन से ड्रग्स का पता लगने से बचाने के लिए उसे कार्बन पेपर में लपेटा था। हालांकि, वह अधिकारियों की नजरों से बच नहीं सका। इस डिब्बे से लगभग साढ़े पांच किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया। ज़ब्त की गई हाइड्रोपोनिक भांग की अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत 5.42 करोड़ रुपये बताई जा रही है। संबंधित युवक को 'एनडीपीएस' अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क के अतिरिक्त आयुक्त राहुल गावंडे ने चेतावनी दी है कि पुणे में नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ अभियान और भी तेज़ किया जाएगा।

## पुणे में पब पार्किंग में सो रहे युवकों से चोरी, चेन-नकदी गायब; बाउंसर पर शक

मुन्ना मुजावर

पुणेः शहर में पब संस्कृति और सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। पुणे स्टेशन क्षेत्र के एक पब की पार्किंग में कार में सो रहे दो युवकों से चोरी की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात चोर सोने की चेन, नकदी और मोबाइल लेकर फरार हो गया। मामले में बंडगार्डन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बावधन निवासी एक कॉलेज छात्र 31 जनवरी की रात अपने दोस्त के साथ पुणे स्टेशन इलाके के एक पब में गया था। रात करीब 2 बजे पब से निकलने के बाद दोनों थकान के कारण पार्किंग में खड़ी अपनी कार में ही सो गए। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर चोरी कर ली। सुबह जागने पर शिकायतकर्ता के गले से करीब 1.5 लाख रुपये की सोने की चेन गायब मिली। वहीं उसके दोस्त की जेब से 6,500 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी चोरी हो चुका था। पीड़ित ने बंडगार्डन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि इस चोरी में पब के किसी अज्ञात बाउंसर की संलिप्तता हो सकती है। पुलिस ने संदेह के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



पार्किंग जैसी जगह पर, जहां आमतौर पर सीसीटीवी और सुरक्षा गार्ड मौजूद रहते हैं, इस तरह की चोरी ने सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बंडगार्डन पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच तेज कर दी है।

## पोदार इंटरनेशनल स्कूल, हडपसर में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह से संपन्न

**मुन्ना मुजावर**

**पुणेः** पोदार इंटरनेशनल स्कूल एवं पोदार प्रेप, हडपसर में 7 फरवरी को खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, सांस्कृतिक जागरूकता और जीवन कौशलों का विकास करना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शकुंतला खटावकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

मार्चपास्ट और सामाजिक संदेशों की झलक कार्यक्रम की शुरुआत पोदार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के अनुशासित मार्चपास्ट से हुई। चारों हाउसों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं–

वेंटस हाउसः सोशल मीडिया जागरूकता

टेरा हाउसः स्वच्छ भारत

एक्वा हाउसः महिला सशक्तिकरण

इग्निस हाउसः महाराष्ट्र की संस्कृति

खेल प्रतियोगिताओं में दिखा जोश

इसके बाद विद्यार्थियों ने रिले रेस, सैक रेस, नींबू-चम्मच दौड़, मेंढक कूद और तीन पैर की दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभिभावकों के लिए आयोजित तीन पैर की दौड़ कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। पोदार प्रेप में




'Stings of Culture, Sprints of Energy'

पोदार प्रेप, हडपसर में 'Stings of Culture, Sprints of Energy' थीम पर आधारित गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने दौड़ प्रतियोगिता, योगासन, रिबन डांस और पैराशूट प्ले में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि, टीमवर्क, धैर्य और खेल भावना जैसे जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करना था।


**हर बच्चा विजेता**

पोदार प्रेप की नीति के अनुसार प्रत्येक बच्चे को विजेता मानते हुए किसी प्रकार के प्रतिस्पर्धात्मक पुरस्कार नहीं दिए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल दिवस की शुरुआत दो सप्ताह पूर्व कठपुतली गतिविधियों से की गई थी।

**प्रेरणादायी संदेश**

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य ए. के. सिंह ने विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि शकुंतला खटावकर ने मेहनत, अनुशासन और निरंतरता के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए आनंददायक, प्रेरणादायी और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।




## हैदराबाद-पुणे स्लीपर बस में महिला से छेड़छाड़, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

मुन्ना मुजावर

पुणेः हैदराबाद से पुणे आ रही एक निजी स्लीपर बस में महिला यात्री से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी। हडपसर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर दिया।

**क्या है मामला?**

पुलिस के अनुसार, पीड़िता 9 फरवरी की रात करीब 10 बजे काचेगुडा (हैदराबाद) से हडपसर के लिए बस में सवार हुई थी। वह अपने पति के साथ स्लीपर सीट पर सो रही थी। तड़के बस में सवार निशित कुमार यशवंत सिंह (47, निवासी मीरा रोड, मुंबई) ने कथित रूप से महिला के साथ अशोभनीय हरकत की। महिला की नींद खुलने पर उसे घटना का अहसास हुआ। सतर्कता दिखाते हुए उसने पूरी घटना अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर ली, जो बाद में जांच में अहम सबूत बना।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

पुणे पहुंचने के बाद पीड़िता सीधे हडपसर पुलिस स्टेशन पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की। पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो के आधार पर आरोपी निशित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

हडपसर पुलिस ने मामला दर्ज कर 24 घंटे के भीतर जांच पूरी करते हुए अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर दिया।

**सुरक्षा पर फिर उठे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर लंबी दूरी की बस यात्राओं में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है, लेकिन निजी बसों में यात्रियों के आचरण की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।




यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)